भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

राजस्व विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *1

(दिनांक 04 दिसम्बर, 2023, सोमवार / 13 अग्रहायण, 1945 (शक) को दिए जाने वाला उत्तर)

"केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा आवासीय इकाइयों की खरीद"

***1. श्री कनकमल कटारा:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग ने राजस्थान आवासन बोर्ड से जयपुर में अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवासीय इकाइयां खरीदी हैं;

(ख) यदि हां, तो ऐसी खरीदी गई आवासीय इकाइयों और उन पर व्यय की गई धनराशि सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान में ऐसी कितनी आवासीय इकाइयां खाली पड़ी हैं और इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार को उक्त आवासीय इकाइयों की जीर्ण-शीर्ण स्थिति और खाली पड़े ऐसे मकानों में असामाजिक गतिविधियों के संचालन के संबंध में कोई लिखित शिकायत प्राप्त हुई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसी शिकायतों पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है अथवा किए जाने की संभावना है?

उत्तर

वित्त मंत्री

(श्रीमती निर्मला सीतारामन)

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

‘केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा आवासीय इकाइयों की खरीद’ के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री कनकमल कटारा द्वारा पूछे गए दिनांक 04.12.2023 को उत्तरार्थ लोकसभा तारांकित प्रश्न सं. 1 के उत्तर में संदर्भित विवरणः

(क) जी, हां।

(ख) जयपुर में कुल 12 आवासीय इकाइयां 1.02 करोड़ रु. की राशि से खरीदी गई।

(ग) 12 इकाईयों में से एक (1) आवास इकाई वर्तमान में खाली है क्योंकि किसी ने भी आवेदन नहीं किया है।

(घ) जयपुर में इन आवासीय इकाईयों के बारे में कोई भी शिकायत नहीं मिली है।

(ङ) उपरोक्त (घ) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

***